बरेली, रविवार
5 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य 7.00
पृष्ठ 14+4+4=22

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 06, TOP

एसआरएमएस हैकाथान के विनर्स को कैश प्राइज

● कन्यादान

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 April): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में आयोजित तीन दिवसीय 'एसआरएमएस हैकाथान 4.0' का नवाचार और उत्साह के साथ समापन हुआ. प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपने प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया, जिसका मूल्यांकन शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों के निर्णायक मंडल की ओर से किया गया. प्रथम पुरस्कार (41,000 रुपये) टीम 'सेमीकोलन सर्वाइवर्स और द्वितीय पुरस्कार (21,000 रुपये) टीम 'इलेक्ट्रो इनफिनिटी' और तृतीय पुरस्कार (11,000 रुपये) टीम 'टेक टारनेडो' ने हासिल किया. पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने विजेताओं को सम्मानित किया. इसके अलावा, एमआइटी मुरादाबाद की टीम 'कंट्री साइडर' सहित तीन टीमों को सांत्वना पुरस्कार और 'साइफर' टीम को विशेष महिला टीम पुरस्कार (5,000 रुपये) दिया गया. सचिव आदित्य ने छात्रों के तकनीकी कौशल की सराहना करते हुए इसे वास्तविक समस्याओं के समाधान का एक सशक्त मंच बताया.